The following borrowers and co-borrowers availed the below mentioned secured loans from **IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC First Bank Limited)** The loans of the below-mentioned borrowers and co- borrowers have been secured by the mortgage of their respective properties. As they have failed to adhere to the terms and conditions of the respective loan agreements and had become irregular, their loan were classified as NPA as per the RBI guidelines. Amounts due by them to **IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC First Bank Limited)** are mentioned as per respective notices issued more particularly described in the following table and further interest on the said amounts shall also be applicable and the same will be charged as per contractual rate with effect from their respective dates.

Sr No.	Loan Account No.	Type of Loan	Name of borrowers and co-borrowers	Section 13 (2) Notice Date	Outstanding amount as per Section 13 (2) Notice	Property Address
1	17383394	LOAN AGAINST PROPERTY	1. KAMAL PREET SINGH 2. ASHMINDER KAUR	12.08.2023	35,35,541.47/-	ALL THAT PIECE AND PARCEL OF PROPERTY HOUSE NO. 32-B, ADMEASURING 100 SQ. YDS., KHASRA NO. 32//3/1/3(3-4),8/3(2-12),9(6-11),10/1(3-13), SITUATED AT SHARMA ESTATE, VILLAGE: LOHGARH, SUB-TEHSIL: ZIRAKPUR, TEHSIL: DERABASSI, DISTRICT: SAS NAGA, PUNJAB-140603, AND **BOUNDED AS: EAST: HOUSE OF YADAV, WEST: OTHER OWNER NORTH: RASTA, SOUTH: OTHER OWNER**
2	14440732.	HOME LOAN	1. MR. RAJAN KUMAR 2.MRS. DAYAWANTI WO GULSHAN KUMAR	12.08.2023	4,99,391.00/-	ALL THAT PIECE AND PARCEL OFPLOT NO. 89 MIN, ADMEASURING 50 SQ. YDS., COMPRISED IN KHASRA NO. 63-64-65-66-67, KHATA NO. 522/564, SITUATED IN VILLAGE "MUNDIAN KALAN", LOCALITY KNOWN AS "RAM NAGAR",TEH& DISTT LUDHIANA, PUNJAB-141001, AND **BOUNDED BY: NORTH:ROAD 20'W/22', SOUTH:PARMOD KUMAR GIRI/ 22' EAST:MOHAN SINGH/ 20'5" WEST: ROAD 20'W/20'5"**

You are hereby called upon to pay the amounts to **IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC First Bank Limited)** as per the details shown in the above table with contracted rate of interest thereupon from their respective dates and other costs, charges etc. within 60 days from the date of this publication, failing which the undersigned shall be constrained to initiate proceedings, under Section 13 (4) and section 14 of the SARFAESI Act, against the mortgaged properties mentioned hereinabove to realize the amount due to **IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC First Bank Limited).** Further you are prohibited under Section 13 (13) of the said Act from transferring the said secured assets either by way of sale/lease or otherwise.

Sd/-
Authorized Officer
IDFC FIRST Bank Limited
(erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC First Bank Limited)

Date : 30.08.2023
Place : PUNJAB

खबरों में रहे स्टॉक

टाटा पावर कंपनी

आनंद समूह के साथ 4.4 मेगावॉट एसी के लिए पावर डिलिवरी का समझौता

₹ 245.0 पिछला बंद भाव
₹ 246.8 आज का बंद भाव
0.7 % ▲



गोकलदास एक्सपोर्ट्स

संयुक्त अरब अमीरात की परिधान विनिर्माता एट्राको की खरीद के लिए करार

₹ 613.6 पिछला बंद भाव
₹ 736.3 आज का बंद भाव
20.0 % ▲



कैपेसिट इन्फ्राप्रोजेक्ट्स

संयुक्त उद्यम को आरएनवीएल से 575 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला

₹ 196.2 पिछला बंद भाव
₹ 203.6 आज का बंद भाव
3.8 % ▲

सोम डिस्टिलरीज ऐंड ब्रुअरीज

छत्तीसगढ़ राज्य को बियर की आपूर्ति करने के लिए मंजूरी हासिल हुई

₹ 311.6 पिछला बंद भाव
₹ 318.6 आज का बंद भाव
2.2 % ▲



एसजीवीएन

320 मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए एपीडीसीएल संग करार

₹ 60.8 पिछला बंद भाव
₹ 61.4 आज का बंद भाव
0.9 % ▲

संक्षेप में

फ्यूचर ने नीलगिरि डेयरी फार्म 67 करोड़ में बेचा

कर्ज में डूबी फ्यूचर कंज्यूमर लिमिटेड ने मंगलवार को अपने डेयरी कारोबार 'नीलगिरि डेयरी फार्म' को 67 करोड़ रुपये में बेचने की घोषणा की। फ्यूचर कंज्यूमर ने नीलगिरि डेयरी फार्म प्राइवेट लिमिटेड (एनडीएफपीएल) के संपूर्ण कारोबार को बेचने के लिए एवीए चोलामिल हेल्थकेयर के साथ एक हस्तांतरण समझौता किया है। इस सौदे में डेयरी फार्म के फ्रेंचाइजी संचालन, खुदरा कारोबार परिचालन और उसके विभिन्न उत्पादों की सोर्सिंग, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन शामिल है। इस संबंध में फ्यूचर कंज्यूमर के बोर्ड ने मंगलवार को हुई एक बैठक में एनडीएफपीएल व्यवसाय को एवीए चोलामिल हेल्थकेयर को बेचने की मंजूरी दी। सौदे के तहत 67 करोड़ रुपये की खरीद राशि का भुगतान तीन किस्तों में किया जाएगा। *भाषा*

पुंज लॉयड के लिए फिर नहीं मिली कोई बोली

परिसमापन के दौर से गुजर रही इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण कंपनी पुंज लॉयड दूसरे दौर की ई-नीलामी में भी किसी खरीदार को आकर्षित कर पाने में विफल रही है। पुंज लॉयड के कंपनी सचिव ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एनसीएलटी के निर्देश पर दूसरे दौर की ई-नीलामी आयोजित की गई थी। इसमें 1,061 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर बोलियां आमंत्रित की गई थीं। हालांकि, इस नीलामी में पुंज लॉयड को खरीदने के लिए किसी ने भी दिलचस्पी नहीं दिखाई और कोई भी बोली नहीं लगाई गई। इसके पहले जुलाई में आयोजित पहले दौर की ई-नीलामी में भी पुंज लॉयड के लिए कोई बोली नहीं मिली थी *भाषा*

कम बढ़ेंगे दवाओं के दाम !

इस साल कीमतों में 5 से 6 फीसदी की बढ़ोतरी कर सकता है देश का फार्मा उद्योग

सोहिनी दास
मुंबई, 29 अगस्त

भले ही राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने इस साल आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (एनएलईएम) के तहत सूचीबद्ध दवाइयों के लिए 12 फीसदी मूल्य वृद्धि की अनुमति दी है, मगर विश्लेषकों और उद्योग के सूत्रों का मानना है कि घरेलू फार्मा उद्योग में कीमतों में केवल 5-6 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। इसका कारण बाजार में उच्च प्रतिस्पर्धा को माना जा रहा है।

घरेलू फार्मा कंपनी एरिस लाइफसाइंसेज के कार्यकारी निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी कृष्णकुमार वी ने कहा कि इस वर्ष जनवरी से जुलाई महीने के दौरान कीमतों में कटौती के कारण एनएलईएम खंड की वृद्धि में लगभग 150 आधार अंकों की कमी देखी गई।

1.8 लाख करोड़ रुपये के भारतीय फार्मा बाजार (आईपीएम) का लगभग 18 फीसदी एनएलईएम के अंतर्गत आता है। इंडिया रेटिंग्स ऐंड रिसर्च के कार्यकारी निदेशक कृष्णनाथ मुंडे ने बताया कि साल 2019-20 से 2022-23 की अवधि के दौरान आईपीएम की औसत मूल्य वृद्धि 5.2 फीसदी रही। यह पिछले दशक (2013-14 से वित्त वर्ष 2023 तक) में देखी गई 3.2 फीसदी की औसत मूल्य वृद्धि के विपरीत है।

हो रही तैयारी

- एनपीपीए ने 2023 में एनएलईएम दवाओं के लिए 12.1 फीसदी वृद्धि की अनुमति दी
- विश्लेषकों और उद्योग के सूत्रों का मानना है कि कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण कीमतों में केवल 5-6 फीसदी की बढ़ोतरी होगी
- इस वर्ष जनवरी से जुलाई के दौरान कीमतों में कटौती के कारण एनएलईएम खंड की वृद्धि में लगभग 150 आधार अंकों की कमी देखी गई

मुंडे ने कहा कि इस साल अप्रैल से जुलाई तक की अवधि के लिए, आईपीएम की मूल्य वृद्धि 5.3 फीसदी रही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भले ही राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) गैर-एनएलईएम पोर्टफोलियो के लिए 10 फीसदी मूल्य वृद्धि और एनएलईएम उत्पादों के लिए 12 फीसदी वृद्धि (वित्त वर्ष 2024) की अनुमति देता है मगर उच्च प्रतिस्पर्धा के कारण कीमतों में 5 से 6 फीसदी तक की वृद्धि देखी जा सकती है। मुंडे ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से गंभीर बीमारियों की दवा वाले क्षेत्र से अधिक योगदान और एनएलईएम में कम एक्सपोजर वाली कंपनियों ने अपने घरेलू उत्पाद पोर्टफोलियो में कीमत अच्छी में बढ़ोतरी की है। वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही के नतीजों के बाद फार्मा कंपनियों ने एनएलईएम के संभावित प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करना शुरू कर दिया है।

बाजार हिस्सेदारी के मामले में घरेलू बाजार की सबसे बड़ी फार्मा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही के बाद स्वीकार किया कि एनएलईएम प्रभाव के कारण वृद्धि कम रही। सन फार्मा में भारतीय कारोबार के मुख्य कार्याधिकारी कीर्ति गनोरकर ने घरेलू बाजार में तिमाही के प्रदर्शन पर एनएलईएम के प्रभाव पर चर्चा की और भविष्य की वृद्धि के बारे में बेहतरी की उम्मीद जताई।

गनोरकर ने कहा, ' एनएलईएम की घोषणा दिसंबर और जनवरी महीने में की गई थी मगर इसका पूरा असर इसी तिमाही में देखने को मिला है। हमारा मानना है कि एनएलईएम के कारण ही पहली तिमाही में वृद्धि धीमी रही है। हालांकि, मुझे पूरी उम्मीद है कि आने वाली तिमाहियों में हम बाजार के अनुरूप वृद्धि देखेंगे और बाजार के प्रदर्शन से आगे निकलने का प्रयास करेंगे।' निर्मल बांग के विश्लेषकों ने बताया कि पहली तिमाही के दौरान, भारत का कारोबार एनएलईएम और मौसम से प्रभावित था।

प्रत्यूषा अग्रवाल का बैजूस से इस्तीफा

पीरजादा अबरार
बेंगलूरु, 29 अगस्त

मुसीबतों का सामना कर रही एडटेक कंपनी बैजूस के तीन वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है। इन अधिकारियों ने ऐसे वक्त में इस्तीफा दिया है जब देश की सबसे मूल्यवान एडटेक कंपनी उचित परिप्रेक्ष्य के मुद्दों, ऋणदाताओं के साथ कानूनी लड़ाई, नई पूंजी जुटाने में चुनौतियों और निवेशकों द्वारा इसके मूल्यांकन में गिरावट जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक, बैजूस की मुख्य व्यवसाय अधिकारी प्रत्यूषा अग्रवाल ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बताया कि बैजूस टच्यून सेंटर के प्रमुख हिमांशु बजाज और कक्षा 4 से 10वीं तक के व्यवसाय प्रमुख मुकुट दीपक ने भी कंपनी को अलविदा कह दिया है।

बैजूस के एक प्रवक्ता ने कहा कि चूंकि कंपनी लाभप्रदता और टिकाऊ विकास के लिए अपना रास्ता तैयार कर रही है, इसलिए फर्म ने व्यवसायों और कार्यक्षेत्रों का पुनर्गठन किया है। इसमें चार कार्यक्षेत्रों को दो प्रमुख कार्यक्षेत्रों-के10 और परीक्षा तैयारी में एकीकरण किया गया है।

प्रवक्ता ने कहा, 'फिलहाल दो बहुत अनुभवी और वरिष्ठ अधिकारी दोनों क्षेत्रों का नेतृत्व करते हैं। रमेश कर्रा के-10 कार्यक्षेत्र का के प्रमुख हैं, जबकि जितेश शाह एग्जाम प्रेप (परीक्षा तैयारी) व्यवसाय के प्रमुख हैं।'

पिछले साल मार्च में बैजूस ने अर्ली लर्न लिमिटेड वर्टिकल संभालने के लिए प्रत्युषा अग्रवाल को मुख्य व्यवसाय अधिकारी नियुक्त किया था। इस भूमिका में अग्रवाल का ध्यान अर्ली लर्न पोर्टफोलियो के लिए रणनीति बनाने, समग्र शिक्षण उपभोक्ता पेशकश को परिभाषित करने, डिजाइन करने पर था।

अग्रवाल आईआईएम, अहमदाबाद और आईआईटी, मद्रास की पूर्ववर्ती छात्रा रही हैं। बैजूस में आने से पहले वह जी में मुख्य उपभोक्ता और डेटा अधिकारी थीं। इसी तरह हिमांशु बजाज दिसंबर 2021 में और मुकुट दीपक अक्टूबर 2021 में बैजूस में आए थे।

दो अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी निकले, संकट के दौर से गुजर रही कंपनी की नई मुसीबत

टाटा मोटर्स की सहायक फर्म ईवी के लिए लाई नई ब्रांड पहचान

सोहिनी दास
मुंबई, 29 अगस्त

टाटा मोटर्स की सहायक कंपनी - टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (टीपीईएमएल) ने आज एक नई ब्रांड पहचान 'टाटा डॉट ईवी' पेश की क्योंकि वह वर्ष 2026 तक 10 नए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की शुरुआत करने की तैयारी कर रही है।

टीपीईएमएल के प्रमुख (विपणन, बिक्री और सेवा रणनीति) विवेक श्रीवत्स ने कहा, हम टाटा डॉट ईवी के साथ नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए हमारी नई ब्रांड पहचान स्वच्छ ऊर्जा के आवागमन समाधान अपनाने में तेजी लाने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हमारा इरादा स्थिरता, समुदाय और प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करते हुए वाहन उद्योग में सकारात्मक बदलाव लाने का है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि नई ब्रांड पहचान मूव विद मीनिंगे के मूल दर्शन का प्रतीक है, जो स्थिरता, समुदाय और प्रौद्योगिकी के मूल्यों को एकजुट करती है।

इसमें कहा गया है कि टाटा डॉट ईवी ने उपभोक्ता के नजरिये से ब्रांड पहचान की स्पष्ट आवश्यकता की पहचान की है, जो भविष्य के आवागमन के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। टाटा डॉट ईवी ब्रांड पहचान लैंडर ऐंड फिच के साथ विकसित की गई है। टाटा मोटर्स के पास इलेक्ट्रिक यात्री वाहन बाजार में 70 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी है।

प्रीमियम बाइक बाजार पर जोर देने से दिख रही राजस्व वृद्धि की उम्मीद

कमाई और बढ़ाएगी हीरो मोटोकॉर्प

ऋषभ कृष्ण सक्सेना
नई दिल्ली, 29 अगस्त

अधिक ताकतवर इंजन वाली प्रीमियम मोटरसाइकल श्रेणी पर लगातार जोर दे रही हीरो मोटोकॉर्प को उम्मीद है कि 100 से 125 सीसी इंजन वाली बाइक के बाजार में हीरो का दबदबा पहले से ही है। मगर केवल इस श्रेणी के दम पर राजस्व और बाजार हिस्सेदारी नहीं बढ़ सकती। इसीलिए प्रीमियम बाइक जैसी श्रेणियों पर कंपनी का जोर है। हीरो ने सबसे पहले 2003 में करिज्मा उतारी थी। मगर मांग कमजोर होने की वजह से 2019 में इसका उत्पादन बंद कर दिया गया। अब इसे 210 सीसी के नए इंजन के साथ पेश किया गया है, जिसकी एक्स शोरूम कीमत 1,72,900 रुपये से शुरू हो रही है। बाइक की बुकिंग भी आज से ही शुरू कर दी गई है। पिछले तीन महीनों में हीरो मोटो की यह तीसरी प्रीमियम बाइक है। इस श्रेणी में कंपनी एक्सट्रीम 160आर 4वी और हर्ली डेविडसन एक्स440 पहले ही पेश कर चुकी है। प्रीमियम श्रेणी में उसके पास एक्सप्ल्स बाइक पहले से ही है। गुप्ता ने कहा, 'प्रीमियम श्रेणी में आप हर तिमाही हमसे कुछ नई उम्मीद कर सकते हैं

क्योंकि हमारा पूरा जोर इसका पोर्टफोलियो बढ़ाने पर है। कम्प्यूटर यानी 100 से 125 सीसी की श्रेणी के मुकाबले प्रीमियम बाइक का बाजार दोगुनी रफ्तार से बढ़ रहा है। ग्राहक इन्हें पसंद कर रहे हैं और बिक्री में 20-25 फीसदी सालाना की बढ़त देखी जा रही है। इसलिए करिज्मा लौटी है और जरूरत पड़ी तो हम अपने एक-दो और ब्रांड भी बाजार में दोबारा पेश कर सकते हैं।'

प्रीमियम बाइक बाजार में अभी हीरो मोटोकॉर्प की 4-5 फीसदी हिस्सेदारी ही है। मगर गुप्ता ने कहा, 'अगली 6 से 8 तिमाहियों में इस जमात में कई और उत्पाद उतारे जाएंगे। जब इस श्रेणी में हमारे पास भरपूर उत्पाद हो जाएंगे तो 100-125 सीसी बाजार की तरह इस बाजार का भी बहुत बड़ा हिस्सा हमारे पास होगा। मगर इसमें समय लगेगा।' प्रीमियम बाइक पर निवेश के बारे में पूछे जाने पर सीईओ ने अलग से कोई आंकड़ा देने से इनकार कर दिया। लेकिन उन्होंने कहा कि हीरो मोटोकॉर्प अपने उत्पादों पर भारी पूंजी लगाती है। अभी तक पूंजी का बड़ा हिस्सा 100-125 सीसी की बाजार पर लगाया जा रहा था मगर उस बाजार में सभी तरह के उत्पाद आने और बड़ी हिस्सेदारी हासिल करने के बाद अब ज्यादा पूंजी प्रीमियम श्रेणी को ही दी जा रही है, जिसका नतीजा एक के बाद एक नए मॉडलों के रूप मे नजर भी आ रहा है।

ऐक्टिव क्लोथिंग कं. लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय प्लॉट नं. ई-225, पॉकेट-VIII, बी, इंडस्ट्रियल एरिया, फोकल पॉइंट, मोहाली, **फोन** 0172-4313300
ईमेल rmehra@activesourcing.org, **सीआईएन:** L51311PB2002PLC033422

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **ऐक्टिव क्लोथिंग कं. लिमिटेड** के सदस्यों की **21वीं वार्षिक सामान्य सभा** कंपनी के पंजीकृत कार्यालय **प्लॉट नं. ई-225, पॉकेट-VIII B, इंडस्ट्रियल एरिया, फोकल पॉइंट, मोहाली में शुक्रवार, 22 सितंबर, 2023 को अप. 4.30** को आयोजित की जायेगी। उपस्थिति स्लिप और प्रॉक्सी फॉर्म के साथ एजीएम की सूचना सहित वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है और उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजे गए हैं जिनके ईमेल आईडी कंपनी या डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स(डीपी) के पास पंजीकृत हैं और इनकी भौतिक प्रतियाँ उन सदस्यों को अनुमत माध्यम से भेजे गए हैं जिन्होंने अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं। वार्षिक रिपोर्ट का प्रेषण **मंगलवार, 29 अगस्त, 2023** को पूर्ण हो गया है।

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 91 और **सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएँ) विनियमावली, 2015** के लागू प्रावधानों के अनुसरण में कंपनी का सदस्य रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बही एजीएम और वार्षिक बुक क्लोजर के उद्देश्य के लिए **16 सितंबर, 2023 से 22 सितंबर, 2023** (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेंगे।

रिमोट ई–मतदान: कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 समय–समय यथासंशोधित के नियम 20 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएँ) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 के अनुसार कंपनी एजीएम आयोजन की सूचना में यथानिर्दिष्ट साधारण और विशेष व्यवसायों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप में मतदान करने के लिए अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली **सिनर्जिस साविसेज प्रा. लि. की** e-**वोट** के माध्यम से ई–मतदान सुविधा प्रदान कर रही है। अधिनियम और इसके नियमों के तहत यथाअपेक्षित दिया जाने वाला विवरण निम्नवत है:–

1. रिमोट ई–मतदान अवधि **मंगलवार, 19 सितंबर, 2023 (समय पूर्वा. 9:00 बजे)** को शुरू होगी और **शुक्रवार, 21 सितंबर, 2023 (समय अप. 5:00 बजे)** समाप्त हो जायेगी। इसके बाद ई–मतदान मॉड्यूल **सिन सेवर साविसेज प्रा. लि.** द्वारा निष्क्रिय कर दिया जायेगा और उक्त तिथि व समय के बाद ई–मतदान की अनुमति नहीं होगी।
2. केवल वे व्यक्ति जिनका नाम कट–ऑफ तिथि अर्थात **शुक्रवार, 15 सितंबर, 2023** को सदस्य रजिस्टर या एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामी के रजिस्टर में दर्ज हुए होंगे, वे रिमोट ई–मतदान और एजीएम में मतदान की सुविधा लेने के लिए पात्र होंगे।
3. **इक्विटी शेयरों के 10%**
4. सदस्यों के मतदान अधिकार कट–ऑफ तिथि को कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।
5. मतपत्र से मतदान की सुविधा ऐसे सदस्यों के लिए एजीएम स्थल पर उपलब्ध होगी जिन्होंने रिमोट ई–मतदान माध्यम से अपने मतदान अधिकार का प्रयोग नहीं किया होगा। किसी सदस्य द्वारा कोई माध्यमों से मतदान किये जाने की अवस्था में मतपत्र द्वारा किया गया मतदान अधिमान्य माना जायेगा।
6. कोई व्यक्ति जो सूचना प्रेषण के बाद कंपनी के शेयर(ओं) का अधिग्रहण करता है और कंपनी सदस्य बनता है और कट–ऑफ तिथि को शेयर धारक होता है, वे एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की प्रति प्राप्त करने के लिए csco@activesourcing.org पर ईमेल भेजकर कंपनी सचिव से अनुरोध कर सकते हैं।
7. एजीएम की सूचना कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.activesourcing.org और https://ivote.bigshareonline.com पर भी उपलब्ध है।
8. रिमोट ई–मतदान द्वारा अपना मतदान अधिकार प्रयोग कर लेने के बाद भी सदस्य एजीएम में भाग ले सकता है किंतु उसे सभा में दुबारा मतदान करने की अनुमति नहीं होगी।
9. एजीएम में, संकल्पों जिन पर मतदान किया जायेगा, पर चर्चा की समाप्ति पर एजीएम में उपस्थित ऐसे सभी सदस्यों जिन्होंने ई–मतदान सुविधा द्वारा अपना मतदान अधिकार प्रयोग नहीं किया होगा, के लिए मतपत्र प्रयोग द्वारा संबोधक की सहायता से मतदान की अनुमति अध्यक्ष द्वारा दी जायेगी।
10. संबोधक ई–मतदान अवधि की समाप्ति पर कम से कम दो साक्षी जो कंपनी के कर्मचारी नहीं होंगे, की उपस्थिति में मतों को खोलेंगे तथा पक्ष और विरोध, यदि कोई हो, में डाले गए मतों की एक रिपोर्ट तैयार करेगा और उसे तुरंत कंपनी के अध्यक्ष को प्रस्तुत करेगा। एजीएम में पारित संकल्प का परिणाम एजीएम की समाप्ति से दो दिनों के अंदर घोषित किया जायेगा।
11. किसी शेयरधारक/निवेशक को ई–मतदान से संबंधित कोई प्रश्न होने की अवस्था में, वे https://ivote.bigshareonline.com पर डॉउनलोड सेक्शन के तहत उपलब्ध **बहुधा पूछे गए प्रश्न (एफएक्यू)** और e-**वोट ई–मतदान मॉड्यूल** देख सकते हैं अथवा हमें ivote@bigshareonline.com पर ईमेल कर सकते हैं अथवा **1800 22 54 22** पर कॉल करें। वैकल्पिक रूप में सदस्य किसी प्रश्न/जानकारी के लिए कंपनी को www.splsolar.in पर ई–मेल कर सकते हैं।

सिने ऐक्टिव प्लास्टीन्स प्रा. लिमिटेड
हस्ता./–
अरुणीत वीर वेदी,
कंपनी सचिव

स्थान: मोहाली
दिनांक: 29.08.2023

बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra
हर हिस्से में हम हैं

चंडीगढ़ आंचलिक कार्यालय –
एससीओ 120–122, प्रथम एवं, सेक्टर 17–सी,
चंडीगढ़ – 160017, दूरभाष : 98711–16223

बैंक ऑफ महाराष्ट्र के लिये पट्टा आधार पर परिसरों की आवश्यकता है

बैंक ऑफ महाराष्ट्र को पट्टा आधार पर **2 गई शाखाएं** खोलने के लिये भू तल पर समुचित फ्रंटेज एवं पर्याप्त पार्किंग स्थान के साथ उपयुक्त परिसरों की आवश्यकता है। परिसर की आवश्यकता निम्नानुसार है :–

अवस्थिति	जनपद	राज्य/संघ क्षेत्र	शाखा की स्थिति	आवश्यक क्षेत्रफल
मानेसर	गुरुग्राम	हरियाणा	नई शाखा	1000–1500 वर्ग फुट
तोहाना	फतेहाबाद	हरियाणा	नई शाखा	1000–1500 वर्ग फुट

परिसरों को वाणिज्यिक उपयोग हेतु शासकीय प्राधिकारियों/प्राधिकरणों द्वारा अनुमोदित शर्तों के अनुरूप अनुमोदित भवन में होना चाहिए। व्यावसायिक उपयोग के लिये संबंधित प्राधिकारी/ऐजेंसी से अपेक्षित होने पर स्वामी को अगापाति प्रमाणपत्र अर्थात् एनओसी प्राप्त करना होगा। इच्छुक स्वामीगण जिनके पास परिसरों का पूर्ण स्वामित्व है, वे दो पृथक मोहरबंद लिफाफों में दो बोली प्रणाली अर्थात् **(1) तकनीकी बोली (2) वाणिज्यिक बोली** के अंतर्गत अपनी विस्तृत प्रस्ताव में अपने मोहरबंद प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं तथा बोली का प्रारूप, हमारी वेबसाइट **www.bankofmaharashtra.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।

इच्छुक स्वामीगण जिनके पास परिसर पर पूर्ण स्वामित्व है, वे **12.09.2023 को प्रातः 6.00 बजे तक दो बोली प्रणाली** के अंतर्गत अपने मोहरबंद प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। अपूर्ण विवरणों/जानकारी वाले तथा अंतिम तिथि व समय के बाद प्राप्त प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया जाएगा। बैंक के पास बिना कोई कारण बताए, यहां वह कोई भी कारण हो, किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। स्वामियों के अतिरिक्त किसी भी अन्य व्यक्ति से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। ब्रोकरों के प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रस्ताव निम्न पते पर प्रस्तुत करने होंगे : **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, चंडीगढ़ आंचलिक कार्यालय, एससीओ–120–122, प्रथम एवं, सेक्टर 17–सी, चंडीगढ़ – 160017**

हस्ता./–
आंचलिक प्रबंधक, चंडीगढ़ अंचल

दिनांक : 30–08–2023, स्थान : चंडीगढ़

VISTAAR FINANCE

विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : भूखंड सं. 59 एवं 60–23, 22वां क्रॉस, 29वां मेन, बीटीएम, सेक्टर स्टेज, बैंगलुरु 560076, www.vistaarfinance.com

परिशिष्ट IV (नियम 8 (1) देखें)
अधिग्रहण सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, एक **मांग सूचना दिनांकित 28–05–2023** निर्गत की थी, जिसमें **ऋणकर्ता(ओं)– पन्ना बाबी, जयदुल सेन गौरव पुत्र पन्ना बाबी, पन्ना बाबी पुत्री श्रीमती रमैं, 05–09–2023 के अनुसार ऋण खाता सं 0225SBML00295 के पक्ष अंकित रु 23,00,391/– (रुपये तेईस लाख तीन सौ इक्यानवे मात्र)** की एक राशि का वास्तविक भुगतान होने तक भावी ब्याज और अन्य शुल्कों एवं लागत इत्यादि के साथ, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों के अंदर प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

उधारकर्ता(गण) निर्धारित बकाया राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा उधारकर्ता(ओं) और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें निम्न विवरणित संपत्ति का, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगान्तर्गत, **28 अगस्त 2023** को सांकेतिक अधिग्रहण कर लिया है।

उधारकर्ता(ओं) को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि संपत्ति का लेन–देन न करें और संपत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का लेन–देन, **05–09–2023 के अनुसार ऋण खाता सं 0225SBML00295 के पक्ष अंकित रु 23,00,391/– (रुपये तेईस लाख तीन सौ इक्यानवे मात्र)** की एक राशि और वास्तविक भुगतान होने तक हुई ब्याज और आकस्मिक भावी ब्याज और अन्य शुल्कों इत्यादि हेतु विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रभारबोध होगा। उधारकर्ता का ध्यानाकर्षण प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचनार्थ उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण : वाका ग्राम गांव मांजरा में स्थित आवासीय मकान वाली अचल संपत्ति के समस्त वह भाग तथा अंश, जो आंगनबाड़ी के पास लाल डोरा के अंदर, तहसील–बागौली, जनपद–पानीपत, हरियाणा में स्थित है, जिसका क्षेत्र माप 572 वर्ग गज है तथा जो निम्नानुसार **परिसीमित है :** पूर्व– श्यामा का मकान, पश्चिम– गली, उत्तर– इमरान का मकान, दक्षिण– गली। पंजीकरण विवरण– बही सं. 1, खंड सं. 187, पृष्ठ सं. 63–75, प्रलेख/क्रमांक 1896 दिनांक– 26/02/2019 जो उप–पंजीयक बागौली, पानीपत के साथ मोहम्मद उमर के नाम पर पंजीकृत है।

दिनांक : 28–08–2023
स्थान : पानीपत

प्राधिकृत अधिकारी
विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड

टोयोटा लाई दुनिया का पहला इलेक्ट्रिक फ्लेक्स ईंधन वाहन

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को दुनिया का पहला बीएस-6 (चरण-दो) विद्युतीकृत फ्लेक्स ईंधन आधारित वाहन पेश किया, जो 20 प्रतिशत से अधिक एथनॉल मिश्रण पर चल सकता है।

गडकरी ने कहा कि आज की प्रगति किसानों के लिए वरदान है। मैं ऐसी तकनीक विकसित करने के लिए टोयोटा किर्लोस्कर के प्रबंधन को धन्यवाद देता हूं, जो देश में प्रदूषण कम करने और कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद करेगी। मैं फ्लेक्स इंजन पर आधारित और अधिक मॉडल बनाने का अनुरोध करता हूं।

टोयोटा किर्लोस्कर द्वारा विकसित विद्युतीकृत फ्लेक्स ईंधन वाहन का प्रोटोटाइप इनोवा हाइक्रॉस मॉडल पर तैयार किया गया है और इसे भारत के उच्च उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप बनाया गया है।

इस प्रोटोटाइप के बारे में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि यह पहल महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दुनिया के पहले बीएस 6 (चरण 2) विद्युतीकृत फ्लेक्स फ्यूल वाहन का प्रोटोटाइप पेश करने के लिए, जिसमें फ्लेक्स ईंधन इंजन के साथ-साथ इलेक्ट्रिक पावरट्रेन दोनों हैं।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी मासाकाजु योशिमुरा ने कहा कि यह उपलब्धि कई मार्ग अपनाते हुए भारत सरकार की पहल के अनुरूप कार्बन-तटस्थ मोबिलिटी समाज को आकार देने की दिशा में टीकेएम की दृढ़ता को रेखांकित करती है। *एजेंसियां*

YES BANK

यस बैंक लिमिटेड
प्रेसटिज ओबेलिस्क, म्यूनिसिपल नं. 3, ग्राउंड फ्लोर, कस्तूरबा रोड, बैंगलोर– 560001

सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के तहत सूचना का प्रकाशन

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित ऋणी(ओं) / गारंटर(ओं) / गिरवीकर्ता(ओं) जो बैंक से उनके द्वारा प्राप्त की गई ओवरड्राफ्ट सुविधाओं के मूल व ब्याज के पुनर्भुगतान में असफल रहे हैं और जिसकी सुविधा खाता को नॉन–परफार्मिंग एस्सेटस (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर उन्हें सूचनाएं जारी की गई थी लेकिन उन्हें बिना कार्यवाही के वापस कर दिया गया और इसलिए एतद्द्वारा उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के द्वारा सूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	ऋण खाता सं. :	13(2) सूचना अनुसार बकाया:	एनपीए तिथि :	सूचना तिथि :